हमारे यहां एक हिरजन को ५ रुपया महीना बतौर स्कालरशिप देते हैं लेकिन वह पांच रुपया साल खत्म होने के बाद अर्थात् १२ महीने बाद जाकर मार्च में मिलता है और जिसका कि परिणाम यह होता है कि कर्ज लेकर और भारी ब्याज अदा कर वह स्कूल में पढ़ता है । जो पैसा बाद में मिलता भी है वह उस साहूकार को उसे ब्याज और मूल चुकाने में काम पड़ता है और परिणामस्वरूप वह दिन पर दिन कर्ज के बोझ के नीचे दबता चला जा रहा है । साहूकार से १०० रुपया कर्ज लेने पर २५ रुपये सूद देना पड़ता है । अब सरकार तो पैसा साल के बाद देती है और कर्ज लेने के अलावा उनके पास दूसरा चारा ही नहीं रहता है । अब १५ रुपये महीने की जो छात्रवृत्ति हरिजनों को मिलती है वह बिलकुल ही नाकाफी होती है और उस से उसका काम नहीं चलता है । कांग्रेस के जितने वहां मिनिस्टर्स बैठे हैं उनको यह ध्यान ही नहीं आता है कि उनका १५ रुपये में क्या बनेगा? एक दफा खाना खाने और कपड़ा पहनने के वास्ते भी यह १५ रुपये पूरे नहीं पड़ेंगे । लेकिन इतने पर भी हरिजनों के वास्ते वह स्कालरशिप की रकम हमारे यहां की मिनिस्टरी बढ़ाने को तैयार नहीं है । हरिजन किसानों को खुश करने के लिए एक हरिजन डिप्टी मिनिस्टर बना दिया गया है । अब जैसा मैं ने कहा कांग्रेसजनों की

कथनी और करनी में बड़ा अन्तर है। अब वैसे तो कांग्रेसमैन गांधी जी के कमर तक के बड़े फ़ोटो बना कर हरिजन उद्धार करने का वायदा करते हैं और दावा करते हैं लेकिन दरअसल महात्मा जी के सिद्धान्तों का पालन नहीं करते हैं और अपने वायदों को कार्यरूप में परिणित नहीं करते हैं। यही कारण है कि हरिजन कांग्रेस से काफी असन्तुष्ट हो गये हैं और काफी तादाद में वह डा० अम्बेडकर के फौलोअर्स हो गये हैं और उन्होंने कांग्रेस को छोड़ कर जय भीम कहना शुरू कर दिया है।

**अध्यक्ष महोदय** : अब आप इसके ऊपर आईये कि कमिशन मुकर्रर हो या नहीं।

**श्री बड़े** : जी हां वह तो मैं कहूंगा ही और मैं ने शुरू में कह ही दिया है कि मैं श्री बाल्मीकी के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं जिसमें कि अनटचेबिलिटी के रिमूवल के वास्ते एक कमेटी की स्थापना की मांग की गई है।

आज दस साल के बाद भी हरिजनों को पर्याप्त नौकरियां नहीं मिलती हैं। उनका रिजर्वेशन कोटा फुलफिल नहीं हो पाता है। अब हरिजनों की इस हीन अवस्था के लिए केवल राजनीतिक स्थिति ही जिम्मेदार नहीं है अपितु आर्थिक और सामाजिक अवस्था भी उसके लिए जिम्मेदार है। अब आर्थिक अवस्था उनकी बड़ी दयनीय रहती है और चूंकि बी० ए०, एम० ए० और इंजीनियरिंग आदि पढ़ने के लिए उनको स्कालरशिप मिलता नहीं है इसलिए वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। अब पैसा उनके पास होता नहीं है और स्कालरशिप मिलता नहीं तो फिर कैसे वे आगे बढ़ सकते हैं? इस कारण आज उनमें असन्तोष है और वह कांग्रेस को वोट देकर अन्य पार्टियों को वोट देते हैं।

पिछले दस साल के कटु अनुभव के आधार पर मेरा ख्याल है कि यह जो कमेटी नियुक्त करने का प्रस्ताव रक्खा है वह "अशुभस्य काल हरणम" हो जायेगा। अब जैसा कि शासन का सिलसिला है एक कमिशन मुकर्रर होता है वह साल दो साल तक बैठ कर अपनी रिपोर्ट सबमिट करता है और फिर गवर्नमेंट द्वारा उस की रिपोर्ट पर विचार होता है लेकिन उस की सिफारिशों पर जहां तक अमल करने का सवाल है वह टलता जाता है और पिछला अनुभव यह बतलाता है कि उन पर ठीक से अमल नहीं हो पाता है। अब ढेबर कमिशन की रिपोर्ट से साफ जाहिर होता है कि हरिजनों की कैसी दयनीय अवस्था है। हमारे हरिजनों के पास जमीन नहीं है और स्थिति यह बनी कि उन बेचारों ने फौरेस्ट ऐरिया की जमीन पर कब्जा कर लिया था तो उनको इसके लिए २५० रुपया फाइन हो गया है और उनको उन जमीनों से निकाल दिया गया है। अब हरिजन भी उसी गांव में रहते हैं जिसमें सवर्ण हिन्दू रहते हैं और दरिया में रह कर मगर से बैर हो नहीं सकता इसलिए वह बेचारे उन सवर्ण हिन्दुओं से दब कर रहते हैं और कोर्ट में कोई मुकद्दमा कभी कभार जाता भी है तो उसमें वे कम्प्रोमाइज कर लेते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि रहना तो उनको उसी गांव में है।

मरे हुए ढोर के चमड़े का ठेका कोई २००० रुपये का मुसलमान ले लेता है और फलस्वरूप हरिजनों को जो हर साल हजार दो हजार रुपये इस काम में मिल जाया करता था, मुसलमान को यह ठेका दिये जाने से उस आमदनी से भी वह हाथ धो बैठे हैं। अब हरिजन यह समझने पर मजबूर हैं कि यह कांग्रेस गवर्नमेंट बजाय हमारा कल्याण करने के अकल्याण कर ही है। मध्य प्रदेश में वैस्ट निमाड़ में हरिजन पहले से ही गरीब थे और उनकी आर्थिक अवस्था शोचनीय थी लेकिन इस गवर्नमेंट ने उनको और भी गरीब बना दिया है। छात्रवृत्ति का पैसा उनको मिलता नहीं है और इस वास्ते हरिजन आगे बढ़ नहीं सकते हैं और उनको नौकरियां नहीं मिलती हैं।

पहले गांव में जो होटल है उस में सवर्ण हिन्दू, हरिजन और मुसलमान सब एक जगह

[श्री बड़े]

बैठ कर चाय पीते थे लेकिन कांग्रेसियों ने हरिजन डे मनाया और उस दिन जबर्दस्ती होटल में घुसे और आपस में इससे दुश्मनी और झगड़ा हो गया। अब मेरा कहना यह है कि इस सामाजिक विषमता और मतभेद को प्रेम से दूर किया जाना चाहिए नकि इस कार के आंदोलनो से जो कि यह कांग्रेस वाले करते हैं। इससे बेकार में आपस में दुश्मनी और झगड़ा ही पैदा होता है।

मैं अन्त में यही कहूंगा कि श्री बाल्मीकी एक कमेटी कायम करके जो देश भर में सर्वे करना चाहते हैं कि छुआछूत किस हद तक मिट गई है, वह स्वागत योग्य प्रस्ताव है। अगर हरिजनों को ऊपर लाना है तो उनकी आर्थिक स्थिति को हमें सुधारना होगा। अगर हरिजन आर्थिक दृष्टि से सबल हो जायं तो यह छुआछूत दो दिन में मिट सकती है। इसलिए हमें उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी करनी चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

**17.10 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

**Shri Siddiah** (Chamarajanagar): Mr. Deputy-Speaker, Sir, most of the hon. Members who have spoken have expressed in detail the conditions of the Scheduled Castes in India. I admit that various steps have been taken by the Governmen of India as well as by the State Governments to improve their conditions. In the First Five Year Plan about Rs. 1.383 crores were spent for the removal of untouchability only, and in the Second Five Year Plan Rs. 1.22 crores were spent. but having spent all this amount if we just see whether the results achieved are commensurate with the expenditure incurred, we will find that in the villages untouchability exists even today to a very considerable extent. It may be that in the cities and towns it is gradually disappearing, but the fact remains that even today it is being observed on an extreme scale in the rural parts. The All India Harijan Sevak Sangh and the Depressed Classes League and such other voluntary organisations have been doing propaganda and publicity with regard to the removal of untouchability, but even today in a number of villages the Harijans are not allowed to take processions in the streets. They are not allowed entry into hotels, barber shops, temples and such other public places.

The main point that we are now considering is whether there is a necessity to have a committee appointed for the purpose of investigating into these things. I know that the hon. Deputy Minister will come and tell us that there is a Commissioner appointed under the Constitution for this purpose and he is investigating into this; therefore, there is no necessity for the appointment of a committee. But let us examine how far the Commissioner is in a position to assess the progress made so far. I submit that neither the State Governments nor the Government of India is assisting the Commissioner in discharging his duties properly. Most of the recommendations made by him are not implemented by the State Governments as well as by the Government of India. Not only that, even the decisions taken by the State Governments themselves are not being implemented. I will give you one instance.

In the year 1958 a conference of the State Ministers who were in charge of these welfare departments was convened under the presidentship of the late Pandit Pant, the Home Minister. Some important resolutions were passed by that conference which were very simple in character. That was done with the object of intensification of this programme for the removal of untouchability. The idea was to see that untouchability was removed by

the end of the Second Five Year Plan period. I will just narrate two resolutions which are very important one is:

"There should be no separate institutions, hostels or colonies exclusively for Harijans."

The second one is:

"The name Harijan should be removed from the existing institutions, hostels or colonies wherever it exists."

These two simple resolutions were not implemented by most of the States. Take for example the State of Mysore. You know, Sir, in the old Mysore area even today there are primary schools separately meant for Scheduled Castes. Not only that, they are named after the various subcastes to whom they belong. There are Adikarnataka Primary Schools and Adidravida Primary Schools and no action has been taken till today to remove the segregation. In many villages there will be one Scheduled Castes Primary School and one non-Scheduled Castes Primary School. That way untouchability has been allowed to thrive on. It has increased in a way. These schools are all Government schools. They are not private schools.

Similarly, in Mysore there are separate Government hostels meant for Scheduled Castes and nothing has been done so far to have common hostels. I find that after this conference the Minister who participated in this conference went to Mysore and what he did was to start separate hostels for Harijans. Instead of implementing this recommendation or this resolution, to which he himself was a party, he went on starting separate hostels for Harijans. And in that way he did injustice to this case. And most of the students who were maintained in common hostels left those hostels and came to the Harijan hostels. Is this the way the Government of the State should conduct themselves with regard to the removal of untouchability?

So far as the Government of India is concerned, most of the recommendations made by the Commissioner are not implemented by the Government of India themselves. When we point this out, the hon. Minister will come forward and say, "No, it is the duty of the State Governments to do it". But I would like to put one question to the hon. Minister, whether these recommendations have been implemented in the Union Territories which are directly under the control of the Home Ministry. I find from the report that most of the recommendations have not been implemented. Not only that. The information called for by the Commissioner has not been made available to him. For example, from the report for 1958-59 we find that the Commissioner had asked for information regarding the number of students studying in various schools at the primary level, at the middle school level and at the post-matric level. The Education Ministry has failed to supply this information even after two years. That is admitted in the Statement of Action taken by the Government of India.

Then, with regard to the intake of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in government service, particularly in the Government of India, information was called for by the Commissioner from the Home Ministry. The Home Ministry has not been able to supply that information. That is admitted by the Commissioner himself.

Thus we find that the Commissioner, whose duty is to assess the progress made, has not been in a position to do it on account of these various factors. Therefore, the resolution just seeks a Committee to be appointed to find out how much progress has been made in various directions.

If the Committee is appointed, after all, what is it going to do? It is a fact-finding committee. It will find out facts and present them to the Gov-

[Shri Siddiah]

ernment for suitable action. I do not know why the Government of India is afraid of appointing a committee, unless it be that they are afraid of facing facts. Otherwise there is no reason why they should oppose the appointment of a committee.

I have tabled two amendments with regard to this resolution. One is with reference to the words "Scheduled Castes". My friend Shri Balmiki has suggested "Harijans and depressed classes". Now both the expressions are synonymous, and the Government of India is using the words "Scheduled Castes", and even in the Constitution we are called Scheduled Castes. And therefore I have used that expression. Secondly, I want this all-round improvement to be done in the course of ten years, because there seems to be a tendency on the part of the Government of India, as well as the State Governments to treat this important welfare scheme as a casual one. They think that they can go on spending some amount on this and then the problem will solve itself after some time. I do not think that that is a proper approach to this problem. The Government of India should have a programme for this, and they must fix up some targets to solve this problem. Some people may ask, "How is it possible to measure this untouchability?" I say that it can be measured by the number of temples opened, the number of barber shops opened, the number of tanks and wells opened, and the number which are not open to the Scheduled Castes. This way it is very easy to make out and assess the progress made. I therefore sugest that this resolution may be accepted and suitable action may be taken on it.

**श्री रा० शि० पाण्डेय** (गुना) : उपाध्यक्ष महोदय, जो प्रस्ताव माननीय श्री बाल्मीकी जी ने रखा है, मैं उसका समर्थन करता हूं । उन्होंने प्रस्ताव में कहा है कि एक कमेटी के माध्यम से इस बात की जांच की जाए कि हमारे देश में अस्पृश्यों के सम्बन्ध में, उनके आर्थिक तथा सामाजिक विकास के सम्बन्ध में क्या कुछ हुआ है और क्या कुछ होने को बाकी है । वह चाहते हैं कि कमेटी अपने सुझाव इस विषय में प्रस्तुत करे । उन्होंने यह भी चाहा है कि वह कमेटी देखे कि जब से देश आजाद हुआ है तब से हम किस हद तक विकास की ओर गए हैं, तथा अनटचेबिलिटी किस हद तक दूर हुई है । यह प्रस्ताव बड़ा अनुकूल है, उतम है और बड़ा सामयिक है । यह एक थाट प्रोवोकिंग रेजोल्यूशन है और हमारा ध्यान इस ओर आकर्षित करता है कि अपनी आजादी के दस बारह वर्षों के अन्दर, अपनी आजादी के दस बारह वर्षों के इतिहास के अन्दर, अपने देश के प्रजातांत्रिक इतिहास के अन्दर, जो डिप्रेस्ड क्लासिस हैं, जो डाउन-ट्राडन क्लासिस हैं, जो अस्पृश्य क्लासिस हैं, जिन के साथ हमारा भावनात्मक और सामाजिक तौर पर कोई सम्बन्ध नहीं रहा है सैंकड़ों बरसों से, उनको कैसे ऊपर उठाया जाए, उनको कैसे अपने बराबर ला खड़ा किया जाए ।

जब हम इस प्रस्ताव पर विचार करते हैं तो हमें गांधी जी का स्मरण हो आता है । गांधी जी इस देश में कभी इतने बड़े न बनते, इतना महान स्थान उनको कभी न प्राप्त होता और सम्भव है कि वह महात्मा भी न हो पाते, और साथ ही साथ राष्ट्र पिता भी न हो पाते यदि उन्होंने एक बड़ा पवित्र कार्य, हरिजनों के कार्य को आत्मसात न किया होता । राजनीतिक जीवन की उन्नति और प्रगति के साथ साथ एक बड़ा मानवता से सम्बन्ध रखने वाला कार्य, हरिजनोद्धार का कार्य, उन्होंने एक नई शक्ति और स्फूर्ति से नई भावना से आत्मसात किया और उनको सम्बोधन करने के लिए एक सम्पूर्ण सम्मानात्मक शब्द की रचना की जिस शब्द का नाम है "हरिजन" । इस नाम से उन्होंने उनको सम्बोधित किया जिन की संख्या इस देश में बारह तेरह करोड़ से कम

नहीं है । उन्होंने एक बार यह भी कहा था कि यदि हम से पूछा जाए कि हम किस परिवार में दुबारा जन्म लेना चाहेंगे ो हमें यह पसन्द होगा और हमारा यह सौभाग्य होगा यदि किसी हरिजन परिवार में हम अवतरित हों । यह जो उनके विचार थे, यह हमें इस बात को सोचने के लिए बाध्य करते हैं कि अस्पृश्य समाज की जो दयनीय स्थिति है, जो दयनीय अवस्था है, उसको कैसे सुधारा जा सकता है ।

जहां तक वैदिक धर्म की बात है, एक सिद्धान्त की बात कही गई है :—

"न मानुषात् श्रेष्ठतारो हि लोके"

इसका अर्थ यह है कि मनुष्यमात्र तमाम प्राणियों से श्रेष्ठ हैं । लेकिन यह वर्गीकरण किस प्रकार से हुआ, यह समाजीकरण किस प्रकार से हुआ और कैसे हुआ, मैं इसके तिहास में जाना नहीं चाहता हूं । लेकिन जब गांधी जी ने एक आन्दोलन आरम्भ किया तो जो तत्व उन्होंने इस देश में देखा उस तत्व के अन्तर्गत उन्होंने यह भी देखा कि मानव मानव में जो एक प्रकार की विभिन्नता है, एक कार की दूरी है, इसको कैसे पाटा जाए और सको पाटने के लिए सब से पहले उन्होंने इस काम को सेवा की भावना से स्वीकार किया और एक प्रकार का इमोशनल मोमेंटम पैदा किया । वह देश के हरिजनों को चाहे ज़मीन न दे पायें हों, पैसा न दे पाये हों, उनका आर्थिक विकास न कर पायें हों लेकिन एक ऐसा मोमेंटम तो दा किया कि सवर्ण व्यक्ति यह महसूस करने लग गए कि यदि हम हरिजनों को अस्पृश्य भाव से देखते हैं तो यह एक सोशल क्राइम है जो हमें नहीं करना चाहिये । एक ऐसे स्थान पर ला कर उन्होंने उनको खड़ा किया जहां पर एक सी भावना, एक सा सामाजिक व्यवहार उनको मिला और सामाजिक न्याय उनके साथ हुआ और सब से बड़ी बात यह थी कि एक सुन्दर वातावरण तैयार करने में उन्होंने योगदान किया । आज उनको जमीन दी जानी चाहिये, उनकी आर्थिक स्थिति सुधारी जानी चाहिये, आर्थिक तथा सामाजिक न्याय उनके साथ होना चाहिये । गांधी जी ने इस देश में इमोशनल मोमेंटम पैदा किया और इनको ऊपर उठाने का भरसक प्रयत्न किया ।

हमने भी एक प्रस्ताव पास किया है जो कि अस्पृश्यता के निवारण से सम्बन्ध रखता है और उसमें हमने कहा है कि किसी को अस्पृश्यत नहीं कहा जाएगा, इस आधार पर उसके साथ भिन्न व्यवहार नहीं किया जाएगा कि वह अस्पृश्य है और अगर कोई ऐसा करेगा तो उसको सज़ा भी होगी । हमने मंदिरों के दरवाज़े उनके लिए खोल दिये, आराधना और उपासना करने की छूट उनको मिल गई । लेकिन इतना होने पर भी आज भी हम गांवों में तथा दूसरी जगहों पर देखते हैं कि हमारे हरिजन बालक और हरिजन स्त्रियां जो जूठन होती है, जो जूठे पत्ते होते हैं, उनको जा करके खाते हैं । उनकी आर्थिक स्थिति की तो यह हालत है कि पांच वर्ष पूर्व मैं एक गांव में गया था और वहां पर मैंने एक माहौल देखा था । एक बारात थी जहांपर लोग खा रहे थे । यह निश्चित है कि सवर्ण वर्ग एक तरफ था और जब वह खा चुकता था तो जो पत्तलें फेंकी जा रही थीं उन की तरफ हमारी तीन मातायें, हमारी तीन बहनें, हमारे तीन बच्चे और दो पुरुष जा जा कर देखते थे और देखने के बाद जो भी सबसटेंस उनमें बचा होता था, जो भी ईटेबल मैटीरियल बचा होता था उसको बीन बीन कर एक तरफ रखते जात थे । यह हमारे समाजवाद की बात है, एकता और समता की बात है, मानवता की बात है, उसके उत्कर्ष की बात है । मानवता के उत्कर्ष

[श्री रा० शि० पाण्डेय]

की सभी भावनाओं को सामने रख कर जब मैं इस प्रश्न पर विचार करता हूं तो ऐसा लगता है कि इस दिशा में प्रगति अच्छी नहीं हुई है, उतनी नहीं हो पाई है, जितनी होनी चाहिये थी ।

जिस तरह गांधी जी ने, जिस प्रकार विनोबा जी ने, जिस प्रकार हमारे आदरणीय डा० राजेन्द्र प्रसाद जी ने इनकी स्थिति को हमारे सामने रखा, मानवता का साक्षात्कार किया, उसके उत्कर्ष, उनकी उन्नति और प्रगति के सम्बन्ध में जिस प्रकार की भावनात्मक एकता की बात को, समता की बात को मानवता की तमाम अनुभूतियों को एक साथ ला करके खड़ा किया, आज उसी के अनुसार कार्य करने की आवश्यकता है । जरूरत इस बात की है कि इनके प्रति न्याय हो, इनको जमीन मिले, इनको नौकरियां मिलें, तथा तमाम दूसरी जो सुविधायें हैं, वे मिलें । ये सब चीज़ें देने की याद हमारे अन्दर भावना पैदा हुई तभी काम आगे बढ़ सकेगा अन्यथा नहीं । अगर हमारे अन्दर यह भावना बनी रहती है कि यह अस्पृश्यत है, यह छोटा है, तो चाहे जितने कानून हम बनाते चले जायें, कुछ होने वाला नहीं है । जब तक हम हरिजनोद्धार की बात को आत्मा से स्वीकार नहीं करेंगे, मन से स्वीकार नहीं करेंगे, भावना से स्वीकार नहीं करेंगे और उस सिद्धान्त को स्वीकार नहीं करेंगे जिसका प्रतिपादन "न मानुषात् श्रेष्ठतरो हि लोके" मे किया गया है तब तक कुछ होने वाला नहीं है । इस वास्ते आवश्यकता इस बात की है कि मन तथा आत्मा से हरिजनोद्धार की बात को स्वीकार किया जाए ।

**The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shrimati Chandrasekhar):** I am grateful to the hon. Members who have evinced great interest in the welfare of the Harijans and the removal of untouchability.

The resolution which the hon. Member has moved suggests the appointment of a committee with Members of Parliament and representatives of private institutions to conduct a survey to see how far untouchability has been removed, and how far the Act has been effective in the various States. He has also mentioned that this committee should go and study the progress made by the Harijans and other depressed classes, economically, socially, educationally and also politically.

We all know that article 17 of the Constitution has abolished untouchability, and the Untouchability (Offences) Act of 1955 has made this practice a cognizable offence, and it is punishable with imprisonment or fine or with both. But we are all aware of the fact that the implementation of this Act as of any other Central Act relating to law and order is the concern of the State Governments. This does not mean that we are shirking our responsibility, but, however, we know the importance and in view of the importance of the subject, we are always advising the State Governments to ensure proper and effective enforcement of the law.

In addition, all the State Governments and the Union Territories Administrations have been asked to set up small committees to ensure that the implementation of the Act receives proper attention. We know that all the States have appointed such smaller committees in one form or the other. So, that shows that the committee which is required by the hon. Member to go into this question is there already under the State Governments, and the State Governments are the proper authorities to have the implementation of the Act taken proper care of.

Besides, the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, as was mentioned by some of the hon. Members, includes in his annual reports the working of this Act in the States and also makes suggestions for eradicating untouchability. The Commissioner's report is discussed every year in this House, and valuable suggestions are made by the Members of Parliament, and note is made of them, and wherever possible and wherever they are within our limits, we try to set things right, and where it is the concern of the State Governments, we bring them to the notice of the State Governments.

Besides this, hon. Members are aware of the Central Advisory Board for Harijan Welfare, which consists of Members and other social workers engaged in this humanitarian work, and they meet twice a year. I would like to say that this advisory board has for its terms of reference certain important items like the following. They are to advise the Government on all matters pertaining to the welfare of Scheduled Castes. They are to assess the requirements of the Scheduled Castes. They also help in the formulation of welfare schemes. They also review from time to time the working of the sanctioned schemes with an appraisal and an evaluation of the benefits derived from these schemes with a view to suggesting improvements or changes in these schemes wherever necessary. This board meets twice a year, and Members of Parliament are connected with this board, and they can bring to the notice of Government whatever lacunae there are in the implementation and whatever improvements are to be made. So, I do not know whether any other committee is necessary at all.

The conference of the State Ministers, as was mentioned by some hon. Members....

**श्रीमती गंगा देवी :** हमने जो सजेशन दिये हैं ऍडवाइजरी बोर्ड में, उनके ऊपर क्या ऐक्शन लिया गया है ?

**Shrimati Chandrasekhar:** I would like the hon. Member to let me proceed. Questions can be asked later.

The conference of State Ministers in charge of welfare of backward classes considered among other questions the progress of plan schemes and suggest ways and means of removing the difficulties in the way of achieving maximum utilisation of plan provisions for ths section. The practice of untouchability is a long-standing evil and cannot be changed by just a law. Unless the mind of the people is changed, this evil cannot be eradicated completely. Therefore, it is necessary to take steps to educate the public mind. To this end, the Central Government and also various State Governments are giving grants in aid to non-official organisations for carrying propaganda for eradication of untouchability.

Apart from other reasons, the stigma attached to this section is largely due to the unclean nature of the work in which they are employed. Therefore, schemes to improve the working conditions of these people have been included in the Third Plan. High priority schemes have been planned in the central sector for improving their working conditions. In each Five Year Plan, special schemes have been undertaken for the educational and economic advancement of this section of our population. Government are fully alive to the need of proper evaluation of the schemes for the welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. We also obtain six-monthly reports on progress of work. We see that the physical targets are achieved. If not, account is taken of this when drawing up plans for the next year and it is incorporated there.

During the Second Plan, the working of these schemes was examined by the Estimates Committee of Lok Sabha who in their 48th Report made certain recommendations. A memorandum was laid on the Table of the House on 1st

[Shrimati Chandrasekhar]

May 1961 mentioning the recommendations accepted by Government.

Government are also alive to the need for continuous evaluation of the progress of schemes of State Governments undertaken for the welfare of the Scheduled Castes.

Shri Balmiki is aware of the apointment of the Scavenging Conditions Enquiry Committee of which he was a member. They made a recomemndation that an advisory committee should be appointed to advise on mobilisation of effort for abolishing the practice of carrying night soil as head loads and to improve the working conditions of these people. He is a member of the advisory committee. They will be touring all over the country. They can bring to the notice of State Governments whatever lacunae they notice in the implementation of schemes and also assess the progress of the work.

In the speeches made by hon. Members, certain facts were brought to our notice. I do not think with the time allotted to me it is possible to cover all points. But I would like to point out that there were certain incorrect facts mentioned. It was said that there were no liaison officers appointed. We have appointed liaison officers in different Ministries to see to the implementation of orders of Government, particularly the reservation for them. Shri Ganpati Ram said that there is untouchability in government services. We recently issued instructions warning government servants against it and, if any instance is brought to our notice, it will be considered as misconduct and dealt with accordingly.

About the hostels for Harijans, in many States there is reservation in general hostels for students belonging to Scheduled Castes. Even in Harijan hostels there are provisions made for reservation of 10-20 per cent for non-scheduled caste students. Then again, strict instructions have been issued that the actual amount that has been spent on this subject is to be brought in the progress report but not what is actually set apart or provided. Whenever the hon. Members come across any of these lacunae, I would request them to bring it to our notice. I would also invite hon. Members to meet me outside and make sugestions regarding the working of Untouchability Act or about the progress of schemes for Harijans.

I would, therefore, in conclusion say that there is no real room for a committee to go into these things. There are already some committees to see to the welfare of the Harijans. With these words, I conclude.

**श्री बाल्मीकी** (खुर्जा) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संकल्प पर पक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों ने समवेदनापूर्ण भावों के साथ हरिजनों की समस्या पर प्रकाश डाला है और सभी ने उस का समर्थन किया है । मैं हृदय से उन के प्रति आभार प्रकट करता हूं । माननीया मंत्राणी जी के भाव भी मैं ने इस संकल्प पर सुने हैं और जो उन का उत्तर है उस में उन्होंने अन्त में मुझ से यह कहा है कि मैं इस संकल्प को वापिस लूं । यह एक अलग बात है । लेकिन यह बात अवश्य है कि अस्पृश्यता की समस्या, देश के हरिजनों की समस्या, जो कि सदियों से चली आती है, आज भी विकट बनी हुई है । उस के पीछे क्या भावना है ? आज की उपस्थिति और आज की आफिशल गैलरीज की उपस्थिति हमें बतलाती है कि किस प्रकार सरकार इस स्मस्या को हल करना चाहती है ।

यह समस्या समाज का दोष है, समाज का कोढ़ है, समाज की बीमारी है, जिस को दूर करने के लिये हर प्रकार से प्रयत्न करने चाहियें । ठीक है, मैं अपने संकल्प को वापस भी ले लेता हूं,इस भाव या इस विचार के साथ, लेकिन क्या इस से यह समस्या हल हो जाती है । समस्या अपने विकट रूप में उसी प्रकार से विद्यमान है और समस्या का हल जो कुछ हो भी रहा है वह एक प्रकार से हृदय से नहीं हो

रहा है, उदासीनता से हो रहा है, यह बात बिल्कुल साफ जाहिर है ।

जहां तक राज्यों के उत्तरदायित्व का प्रश्न है, मैं कहने के लिये तैयार हूं कि हरिजनों की समस्या को हल करने में, अस्पृश्यता के निवारण में राज्य बहुत उदासीनता से कदम उठा रहे हैं । यही नहीं बल्कि जो मंत्रिगण हैं, यहां तक मुख्य मंत्री भी, उन को फुर्सत नहीं है कि वे इस समस्या प्पर विचार कर सकें । इस प्रकार से समस्या हमारे सामने अलग रूप में आती है । मैं उस के अनेक पहलू जानता हूं । जैसा यहां कहा भी गया, आज अस्पृश्यता अनेक रूप से बरती जाती है और अस्पृश्यता के सारे रूप अभी अलग नहीं हुए हैं, दूर नहीं हुए हैं । आप यह नहीं कह सकते कि सभी कुंएं खुल गये हैं । छोड़ दीजिये इन बातों को कि कहां पर अस्पृश्यता का निवारण हुआ है या नहीं हुआ है । आजादी के इतने दिन बाद भी नाई हजामत नहीं बनाता है, धोबी कपड़े नहीं धोता है । हरिजनों के लिये होटल, धर्मशाला और सार्वजनिक स्थान जो हैं इस प्रकार के, आज घाट आदि पूरे तरीके से नहीं खुले हैं । आज पता नहीं कितने शिवालय और मन्दिर इस प्रकार के हैं जहां वे जा नहीं सकते हैं इस देश के नगरों के अन्दर । यहां दिल्ली में लाल जैन मन्दिर मौजूद है और भी इस प्रकार के अनेकों मन्दिर हैं जहां पर हरिजन प्रवेश नहीं कर सकते हैं । मैं सदन में कह देना चाहता हूं और मैं ने पहले भी कभी कहा था, मंदिरों के दरवाजे खोल देने और देवता के दर्शन मात्र से हमारे हृदय शान्त नहीं होते हैं और अगर कहीं हमने मंदिरों को खोलने का आन्दोलन चलाया भी है तो इसलिए कि वह मुक्ति का देवता जो अस्पृश्यता के कारण बन्द है उसको आजाद कराएं । तो मंदिरों के द्वार खुलें लेकिन साथ साथ हृदय के द्वारा भी खुलने चाहिए, विचार के कपाट भी खुलने चाहिएं, सद्भावना और प्रेम के द्वार भी खुलने चाहिएं । मैं सन्त तुकाराम के शब्दों में कहना चाहता हूं :

'प्रेम नमे बोलिताम, दाविताम, संगिताम, अनुभव चिता चित्त जाणे अर्थात् प्रेम हृदय का अनुभव है, चित का अनुभव है, इसको चित जानता है । के प्रेम और सद्भावना से प्रेम और सद्भावना प्राप्त होती है । तो इस प्रकार जब हृदय के कपाट खुलें तो हमको शान्ति मिल सकती है । लेकिन मुश्किल यह है कि इस प्रकार के मानवीय विचार नहीं आते हैं और इसीलए हमारी समस्या हल नहीं होती है । मैं चाहता हूं कि जो विचार सदन के सामने प्रकट किए गए हैं माननीय सदस्यों द्वारा, उनको राज्य सरकारों तक पहूंचाया जाए। ये विचार उनके सामने जाने चाहिएं और यह बातें उनको मालूम होनी चाहिएं ।

अभी हमारे एक मित्र ने **एपार्टथीड** यानी दक्षिण अफ्रीका के रंग भेद की निति की अस्पृश्यता से तुलना की है । मैं यह कहने के लिए तैयार हूं कि इस रंग भेद की नीति का अस्पृश्यता की समस्या से मिलान करना मुझे बेहतर नजर नहीं आता है । यहां हमारे देश में कुछ तो प्रयत्न इस दिशा में किये गये हैं । इस समय मुझे बापू जी याद आते हैं, महात्मा गांधी याद आते हैं, उस वक्त भी जब कि उनको अफरिका में पाखाने के कुंड में डुबोया गया था उन्होने उस वेदना को रंगभेद की नीति को तोड़ने के लिए सहा और उसको तोड़ने के लिए जोर लगाया और यहां इस देश में भी बल लगाकर अस्पृश्यता को तोड़ने का प्रयत्न किया । मैं चाहता हूं कि आज भी वे विचार हमारे सामने होने चाहिए । जिस प्रकार बापू के हृदय में हमारी समस्या को देखकर सद्भावना और दर्द पैदा होता था वही आज हम चाहते हैं, लेकिन आज वे हृदय कहां हैं, अभी हृदय परिवर्तन कहां हुआ है । आज हमारे लिए कौन प्रायश्चित करता है जैसे कि बापू जी

[श्री बाल्मीकी]

करते थे । आज हमारी समस्या में राजनीति घुस कर बैठ गयी है और अनेक प्रकार के खेल खेले जाते हैं । मैं बड़े अदब से अर्ज कर देना चाहता हूं कि यह राजनीतिक पार्टियों की समस्या नहीं है । यह सारे देश की एक विकट समस्या है । मैं चाहता हूं कि जब देश के अन्दर भावात्मक एकता के प्रयत्न हो रहे हैं, राष्ट्रीय एकता के प्रयत्न हो रहे हैं, राष्ट्रीयता और एकता के प्रयत्न हो रहे हैं, उस वक्त इस प्रकार का प्रश्न भी सामने रहे, और मैं कहने के लिए तैयार हूं कि जब तक देश के अन्दर अस्पृश्यता की विकटता है, अस्पृश्यता की विभीषिका है, अस्पृश्यता की समस्या विद्यमान है, उस वक्त तक भावात्मक एकता और राष्ट्रीय एकता के सपने धूमिल से दिखायी देते हैं, उनके अन्दर कुछ नजर नहीं आता । मैं कहना चाहता हूं कि बल लगाकर इस समस्या को हल करना चाहिए और इस काम को विचार के साथ करना होगा । केवल कुछ करोड़ रुपया कुछ योजनाओं पर खर्च कर देने मात्र से या कुछ स्कूल खोल देने मात्र से या इस तरह की कुछ बातें कर देने मात्र से यह समस्या हल नहीं हो सकती । इस समस्या को विचार से, सद्भावना से और अश्रुओं से हल करना होगा और वे आंसू हृदय से आएं ।

मुझे वह समय याद आता है जब संत तुलसी साहब हाथरसी कानपुर के सरसैया घाट पर बैठे थे । उस वक्त एक ब्राह्मण गंगा नहा रहा था । एक हरिजन ने उस पानी को छू लिया और वह लहर जाकर ब्राह्मण से टकरायी । वह ब्राह्मण जो कि तागड़ी तागड़ी पानी में खड़ा होकर भजन कर रहा था और वैदिक मंत्र बोल रहा था, उसने बाहर आकर उस हरिजन को लातों से मारना शुरू कर दिया । तभी तुलसी साहब हाथरसी ने कहा कि रे ब्राह्मण तू इस हरिजन को क्यों मारता है, ब्राह्मण ने कहा कि इसने मुझे गंदा कर दिया, यह चांडाल है । तो तुलसी साहब ने कहा कि जिन विष्णु के चरणों से यह गंगा प्रवाहित हुई है उन्हीं विष्णु के चरणों से यह हरिजन निकला है । यह कह कर उन्होंने उसको हृदय से लगा लिया और प्रेम के आंसू बहाने लगे । तो वह आंसू आज चाहिएं वे आंसू जो कि बापू हमारी समस्याओं को और हमारी अवस्था को देख कर बहाते थे । मैं यहां ऋग्वेद से उद्धरण देना चाहता हूं :

इमा जुषस्व नो गिर :

कोई सुने हमारी दु:ख भरी पुकार को । आज भी हमें आसमान से स्वामी दयानन्द सरस्वती और बापू जी की आवाज सुनायी देती है । व हमारी आवाज सुनने वाले हैं । मैं मानता हूं कि अनेक महा पुरुषों ने हमारी समस्या को हल करने का प्रयत्न किया है और विचार भी इस पर रोता रहा है । लेकिन गैब से एक आवाज आती है और हमसे कहती है कि मैं तुम्हारे अन्दर चेतना भर दूंगी । और आज हरिजनों में चेतना है । हम समस्याओं का मुकाबला करने को तैयार हैं, हम स्वयं भी अपने को समान स्तर पर उठाने के लिए तैयार हैं, । आप हमारी सहायता कीजिए आर्थिक दृष्टि से, शैक्षणिक दृष्टि से, सामाजिक दृष्टि से और राजनीतिक दृष्टि से । आज हम दूर से एक आवाज सुन रहे हैं जो कहती है कि मैं तुम्हारे अन्दर चेतना भर दूंगी । और वह चेतना आज हमारे अन्दर है । लेकिन हम देखते हैं कि आज भी ऐसे इन्सान हैं जिनके पत्थर के हृदय हैं, उस पत्थर क जो कि द्रवित नहीं होता । वह आवाज कहती है कि मैं उन पत्थर के शरीरों में और पत्थर के हृदयों में परिवर्तन कर दूंगी और पत्थर की जगह मांस के लोथड़े का हृदय रख दूंगी जिसमें चेतना और सद्भावना जाग्रत हो सके । आज समाज में चेतना और सद्भावना आनी चाहिए । हमें यकीन होना चाहिए कि समस्या को हल करने के लिए भरसक प्रयत्न किए जाएग और सबसे आवश्यक बात है राज्य सरकारों को हिलाने की । उनसे पूछा जान चाहिए कि शिड्यूल्ड कास्ट कमिश्नर की

सिफारिशों पर और रेनुका रे कमेटी की शिफारिशों पर अमल क्यों नहीं होता है ? हमारी प्राक्कलन कमेटी, एस्टीमेट्स कमेटी जो विचार और सुझाव देती है उसी आधार पर राज्य सरकारों को सोचना चाहिए । उन पर ध्यान क्यों नहीं दिया जाता । उन पर अमल होना चाहिए । जो अस्पृश्यता निवारण का कानून है उस पर पूरी तरह से अमल होना चाहिए । केवल इसको काग्निजबिल अफेंस बनाने से काम नहीं चलेगा । उस पर पूरी तरह अमल होना चाहिए जो कि नहीं होता है ।

आप मंत्रियों के सम्मेलन इस समस्या को हल करने के लिए बुलाते हैं, लेकिन इससे यह समस्या हल नहीं होती । सारा मामला तो राज्य सरकारों के मुख्य मंत्रियों के हाथ में होता है । आपको केवल मुख्य मंत्रियों की कानफरेंस बुलानी चाहिए और उनको हिलाना चाहिए, मंत्री तो उनके द्वारा अपने आप हाथ में आ जाएग ।

मैं चाहता हूं कि समाज के अन्दर हमा प्रति सद्भावना पैदा हो । हमारे मार्मिक दर्द को समझा जाए ।

अन्त में मैं यजुर्वेद का मंत्र पढ़ कर अपना भाषण समाप्त करूंगा ।

रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु रुचं वाजसु नः कृधि ।

रुचं विश्येषु शूद्रेषु मयि धेहि रुचा रुचम् ।

हमारे राष्ट्र के ब्राह्मणों में तेज रहे हमारे क्षत्रियों में तेज रहे, हमारे वैश्यों में और शुद्रों में तेज रहे, हमारे राष्ट्र के ये सब लोग उत्तम तेजस्वी बनें, वीर्य वान बनें और इस तेज से प्रत्येक मनुष्य भी तेजस्वी बने । हमारे राष्ट्र में कोई भी निस्तेज, निर्वीर्य, निर्धन, कर्महीन दीन न हो । सब तेजस्वी, ओजस्वी, वर्चस्वी, मनस्वी बनें ।

सभापति महोदय हम वह तेजस्विता, वर्चस्विता, मालदारी, ऊंचापन आदि दूसरी ओर ही देखते हैं । हमार अन्दर वह वर्चस्विता, तेजस्विता और वह ओजस्विता नीचे दिखायी देती है । मैं चाहता हूं कि वह तेजस्विता, वर्चस्विता आदि का ग्लेमर जो उधर है हमारे ऊपर भी चमके । लेकिन यह तब तक नहीं हो सकता जब तक कि भारत सरकार इस राष्ट्रीय समस्या के लिए पूरा प्रोग्राम बनाकर उसको नहीं चलाती, और न उस समय तक यह समस्या हल होगी । मैं ने अपने भाव व्यक्त किए हैं और विचार के साथ किए हैं । मेरे हृदय में उद्वेग उठता है । आज माननीय सदस्यों ने जो हमारी समस्या का चित्र खींचा है वह आपके सामने आना चाहिए । मैं आशा करता हूं कि आप इसको देखेंगें । मैं मानता हूं कि यह समस्या केवल कानून के बल पर हल नहीं हो सकती । मैं यह भी मानता हूं कि पार्टियों के द्वारा दोषरोपण करने से भी यह समस्या हल नहीं होगी । यह तो सारे समाज और सारी पार्टियों की समस्या है मिल जुल कर ही हल होगी ।

मै इस समस्या के हेतु इस संकल्प को सदन में वोट का विषय नहीं बनाना चाहता हूं । सभी माननीय सदस्यों ने इसको बल दिया है और मैं विश्वास करता हूं कि इसको बाहर भी बल मिलेगा । हमारी केन्द्रीय सरकार भी इसको बल देगी । इस विचार से मैं इस प्रस्ताव को हृदय से वापस लेना चाहता हूं । लेकिन हमको यह यकीन होना चाहिए कि इस समस्या के प्रति जो ढील अब तक बरती गयी है वह आगे नहीं बरती जाएगी । उस ढील के फन्दे को तोड़ना भारत सरकार का और खास तौर से गृहमंत्रालय का काम है और उसको इसके लिए प्रयत्न करना होगा । यह प्रसन्नता की बात है कि हमारी उप मंत्राणी जी उधर बैठी हैं । उनको देख कर मुझे प्रसन्नता होती है, अपने को देख कर सब को प्रसन्नता होती है । तो मैं इस प्रस्ताव को वापिस लेने के लिये सदन की अनुमति

[श्री बाल्मीकी]

चाहता हूं श्रौर उप मंत्राणी जी को धन्यवाद देता हूं श्रौर श्राशा करता हूं कि मेरी बातों पर विचार किया जाएता ।

**Mr. Deputy-Speaker:** What about Shri Siddiah's amendment?

**Shri Siddiah:** I would like to withdraw it with the leave of the House.

**Mr. Deputy-Speaker:** Does he have the leave of the House to withdraw his amendment?

**Some Hon. Members:** Yes.

*The amendment was, by leave, withdrawn.*

**Mr. Deputy-Speaker:** Does the hon. mover of the resolution have the leave of the House to withdraw his resolution?

**Some Hon. Members:** Yes.

*The resolution was, by leave, withdrawn.*

---

**17·50 hrs.**

RESLUTOION RE: REPRESENTATIVE CHARACTER OF TRADE UNIONS

**Shri S. M. Banerjee** (Kanpur): Sir, I beg to move:

"This House it of opinion that with a view to check the representive character of Trade Unions, rival Unions should be compelled by legislation to have their influence tested periodically by reference to a secret ballot of the workers concerned."

Sir, in moving this resolution tabled by Shri Indrajit Gupta—in his absence—I wish to start with the trade union movement before 1947. During the pre-independence days there was only one all-India organisation called the All India Trade Union Congress, and the great national leaders of this country right from the present Prime Minister, Lala Lajpat Rai and Subhash Chandra Bose and all others were either General Secretary, President or Chairman of this particular organisation. During the British regime we thought that the policy of the Britishers were to rule the country, to rule the workers by dividing them into various groups, and with the dawn of independence we thought that there will be more unification, there will be more of an upsurge of unity in this country. Those national leaders thought that every evil in the country was due to the British regime.

But what happened after 1947? Just after independence our great leader the late lamented Sardar Vallabhbhai Patel gave the idea of having a different trade union congress. He was helped by certain leaders who did not believe perhaps in trade union democracy or who wanted to have one organisation which should always toe the line of the Government. The net result was that the Indian National Trade Union Congress was born.

That was the most sad and unfortunate day in the history of trade union movement in this country. Sir, I have no bitterness against the INTUC or its leaders, but I have a feeling that unless the spirit of this resolution or the referendum or plebiscite in principle is accepted, the true representative character of the union cannot be ascertained.

After all, the functioning of the unions is the only instrument in the hands of the workers for collective bargaining. The present Labour Minister Shri Nanda has been maintaining throughout his trade union career that if strikes are to be avoided the unions should be recognised and the workers should be given their proper dignity and their proper place in society. That is the correct aproach to the problem.

But, unfortunately, what happens? In every industry, whether in textile, iron and steel or in jute, whether it is